**विधान परिषद तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री हंसराज विश्वकर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-26 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 26 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के किन-किन जनपदों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए कब तक का लक्ष्य रखा गया है? | केन्द्र पुरोनिधानित स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत विभिन्न चरणों में प्रदेश के 10 शहरों (आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी) व राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 07 शहरों (अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मेरठ, मथुरा-वृंदावन व शाहजहाँपुर) को चयनित किया गया है।<br>केन्द्र पुरोनिधानित स्मार्ट सिटी योजना के चयनित परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु भारत सरकार द्वारा मिशन अवधि मार्च, 2025 निर्धारित की गयी है।<br>राज्य स्मार्ट सिटी योजना की मिशन अवधि मार्च, 2025 है, जिसके अन्तर्गत चयनित कार्यों को सम्बंधित शहरों द्वारा पूर्ण कराया जाना सम्भावित है। |
| (ख) उक्त जिलों में स्मार्ट सिटी का कितना कार्य हो चुका है और कितना अवशेष है? | केन्द्र पुरोनिधानित स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत रू0-9290.56 करोड़ की धनराशि से 678 कार्यों को कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष रू0-8457.49 करोड़ की लागत के 641 कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं एवं रू0-833.07 की लागत के 37 कार्य प्रगतिधीन हैं।<br>राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत चयनित 07 शहरों में अद्यतन रू०-938.48 करोड़ के कुल 74 कार्य स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष अद्यतन धनांक रू0-494.60 करोड़ की लागत के 34 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। |
| (ग) उक्त अवशेष कार्य कब तक पूरा करायेंगे? | केन्द्र पुरोनिधानित स्मार्ट सिटी मिशन के प्रगतिधीन 37 कार्यों को मिशन अवधि (मार्च, 2025) तक व राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत शेष प्रगतिधीन कार्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत पूर्ण कराया जाना है। |

ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग।